भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1841

उत्तर देने की तारीख 22 सितंबर, 2020
31 भाद्रपद, 1942 (शक)

खेल कोटा के अंतर्गत नौकरियां

1841. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः
श्री श्रीधर कोटागिरीः
श्री गौतम गंभीरः
डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः
श्री बेल्लाना चन्द्रशेखरः
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में खेल कोटे के अंतर्गत केंद्र सरकार की नौकरियों हेतु 20 नई खेल श्रेणियों की शुरुआत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार राज्य सरकार की नौकरियों में खेल कोटा के लिए इन खेल श्रेणियों को जोड़ने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करने हेतु किसी प्रस्ताव पर काम कर रही है;

(घ) क्या सरकार ने मल्लखंभ, रस्साकसी और रोल बॉल जैसी खेल श्रेणी प्रारंभ की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या ऐसे खिलाड़ियों का चयन करने के लिए सरकार के स्तर पर कोई आधिकारिक मान्यताप्राप्त संघ या टूर्नामेंट है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : जी हां । खेल कोटा के अंतर्गत केंद्रीय सरकार की नौकरियों के लिए नई शुरू की गई/ शामिल की गई 20 खेल विधाओं का ब्यौरा अनुबंध-I में संलग्न है ।

(ग) खेल कोटा के अंतर्गत मेधावी खिलाड़ियों की नियुक्ति कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है और यह केवल केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/ विभागों पर लागू है । "खेल" राज्य का विषय होने के कारण ये अनुदेश राज्य सरकारों के लिए बाध्यकारी नहीं है ।

(घ) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल विभाग से विचार-विमर्श करके दिनांक 01.09.2020 के अपने कार्यालय ज्ञापन द्वारा खेल कोटा के अंतर्गत मेधावी खिलाड़ियों की नियुक्ति के लिए मलखंभ, रस्साकसी और रालबॉल को नई शुरू की गई 20 खेल विधाओं में शामिल किया है ।

(ङ) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को उनके कार्य निष्पादन के आधार पर तथा राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 में निहित अनुदेशों का अनुपालन करने के आधार पर खेल विभाग द्वारा वार्षिक मान्यताप्रदान की जाती है । मेधावी खिलाड़ियों के चयन के लिए इन परिसंघों द्वारा विभिन्न खेल टूर्नामेंटों/ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है ।

****

अनुबंध-I

खेल कोटा के अंतर्गत केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए नई शुरू की गई 20 खेल विधाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	खेल विधा का नाम
1.	बेसबाल
2.	शरीर-सौष्ठव
3.	साइक्लिंग पोलो
4.	बधिर खेल
5.	फैंसिंग
6.	कुडो
7.	मलखंभ
8.	मोटर स्पोर्ट्स
9.	नेट बाल
10.	पैरा स्पोर्ट्स (पैरा ओलंपिक्स और पैरा एशियन खेलों में शामिल खेल विधाएं)
11.	पेनकक सिलेट
12.	शूटिंग बाल
13.	रॉल बाल
14.	रग्बी
15.	सेपक टकरा
16.	सॉफ्ट टेनिस
17.	टेनपिन बॉलिंग
18.	त्राइथालॉन
19.	रस्साकसी
20.	वुशु

****